


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

RNI No.- UPHIN/25/A4228

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त


## झारखंड और बंगाल में ED की बड़ी कार्रवाई

### कोयला माफिया से जुड़े 40 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी




प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रांची क्षेत्रीय कार्यालय ने झारखंड में 18 स्थानों पर छापामारी अभियान शुरू किया है। यह अभियान कोयला चोरी और तस्करी के मामलों से जुड़ी है, जिनमें अनिल गोयल, संजय उद्योग, एलबी सिंह और अमर मंडल के नाम शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक, इन मामलों में कोयले की चोरी और बड़ी हेराफेरी शामिल है, जिससे सरकार को सैकड़ों करोड़ रुपये का भारी वित्तीय नुकसान हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी में नरेंद्र खड़का, अनिल गोयल, युधिष्ठिर घोष, कृष्णा मुरारी कयाल और अन्य से जुड़े परिसरों को भी शामिल किया गया है। यह छापेमारी शुक्रवार की सुबह से जारी है।

## Ukraine War: ट्रंप की योजना का मसौदा आया सामने

### यूक्रेन को रूस को सौंपनी होगी जमीन; यूरोप और कीव में बढ़ी हलचल



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस योजना का मसौदा सामने आया है, जिसमें यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की बात कही गई है। इस मसौदे में यूक्रेन को अपनी कुछ जमीन रूस को सौंपने और अपनी सेना के आकार को सीमित करने की बात कही गई है। एसोसिएटेड प्रेस (एपी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह मसौदा अमेरिका और रूस के बीच हुई बातचीत का नतीजा बताया जा रहा है।इसमें कई शर्तें ऐसी हैं जो रूस के हितों के अनुकूल दिखाई देती हैं। रूस ने करीब चार साल पहले यूक्रेन पर हमला कर इस संघर्ष की शुरुआत की थी। जानकारों का कहना है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के लिए यह योजना स्वीकार करना स्वीकार करना बेहद मुश्किल होगा। जेलेंस्की पहले भी ट्रंप की जमीन छोड़ने वाली मांगों को खारिज करते रहे हैं।

## अरबों का फर्जीवाड़ा: दावा- एनवीडिया, माइक्रोसॉफ्ट और ओपनएआई जैसी बड़ी कंपनियों के नाम शामिल




बीते कुछ हफ्ते से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की दुनिया में एनवीडिया की बढ़ती धाक चर्चा में है। शेयर बाजार में भी इस कंपनी को लेकर उत्साह दिखा जिसके फलस्वरूप निवेशकों ने मुनाफे की आस में लाखों-करोड़ों रुपये लगाए। हालांकि, अब एक चौंकाने वाला दावा सामने आया है। इसके मुताबिक ये एक पॉन्जी स्कीम है, जिसका भंडाफोड़ मशीन इंटेलिजेंस की मदद से हुआ है। अमेरिकी शोध में इसका खुलासा किए जाने का दावा सामने आया है।

**धोखाधड़ी से जुड़े हैं दुनियाभर की बड़ी कंपनियों के नाम**

एक रिपोर्ट के मुताबिक 610 बिलियन डॉलर की इस धोखाधड़ी से एनवीडिया के अलावा ओपनएआई, माइक्रोसॉफ्ट और ऑरेकल जैसी बड़ी कंपनियों के नाम जुड़े हैं। शनाका एंस्लेम परेरा नाम के शख्स ने अपने वेरिफायड एक्स हैंडल पर विस्तार से इस वित्तीय धोखाधड़ी का ब्योरा पेश किया है।




## Bangladesh Earthquake

### बांग्लादेश में 5.5 तीव्रता का भूकंप, बंगाल में भी तेज झटके; नरसिंगडी में रहा केंद्र




**Bangladesh Earthquake** बांग्लादेश में 5.5 तीव्रता का भूकंप आने के बाद पश्चिम बंगाल में भी तेज झटके महसूस किए जाने की खबर है। अमेरिकी एजेंसी- USGS ने बताया है कि भूकंप का केंद्र बांग्लादेश के नरसिंगडी के पास रहा। फिलहाल, किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं मिली है। इस संबंध में सूचनाएं लगातार अपडेट हो रही हैं।

## Vietnam: वियतनाम में कुदरत का कहर

### बाढ़-भूस्खलन से अब तक 41 की मौत, लोगों को बचाने के लिए अभियान जारी



वियतनाम में भारी बारिश से हाहाकार मचा हुआ है। बाढ़ और लैंडस्लाइड से अब तक 41 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक भारी बारिश की वजह से पूरे सेंट्रल वियतनाम में भयंकर बाढ़ और लैंडस्लाइड हुए हैं, जिसमें 41 लोगों की मौत हो गई है। बचाव दल अभी भी प्रभावित इलाकों में काम कर रहे हैं और डूबे हुए घरों की छतों पर फंसे लोगों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले तीन दिनों में इलाके के कई हिस्सों में बारिश 150 सेमी से अधिक हो गई है। वियतनाम के पर्यावरण मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि छह प्रांतों में मौतें दर्ज की गईं, और नौ लापता लोगों की तलाश जारी है। वहीं 52,000 से अधिक घर पानी में डूब गए हैं, जिससे लगभग 62,000 लोगों को घर खाली करने पड़े हैं। लैंडस्लाइड की वजह से कई खास सड़कें बंद हो गई हैं, और लगभग दस लाख घरों में बिजली नहीं है। रिपोर्ट में देश के नेशनल सेंटर फॉर हाइड्रो-मेटियोरोलॉजिकल फोरकास्टिंग की चेतावनी का हवाला दिया गया है कि ह्यू शहर से लेकर डाक लाक प्रांत तक के तटीय इलाकों में पानी का लेवल 0.3 से 0.6 मीटर तक बढ़ने की उम्मीद है।



## हसीना पारकर के बेटे से दोस्ती

### देश-विदेश में पार्टी, ड्रग्स केस में दाऊद इब्राहिम से जुड़ा ओरी का कनेक्शन!




बॉलीवुड की पार्टियों में फिल्मी सितारों और स्टारकिड्स के साथ ओरी भी खूब लाइमलाइट में रहते हैं। ओरी अब कानूनी मुसीबत में घिरे हैं। 252 करोड़ रुपये के ड्रग्स मामले में उनका नाम आया है। मुंबई पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स सेल ने उन्हें बुधवार को पूछताछ के लिए समन भेजा था। मगर, गुरुवार को ओरी पेश नहीं हुए। उनके वकील ने 25 नवंबर तक का समय मांगा है। इसी ड्रग केस में ओरी का दाऊद इब्राहिम से कनेक्शन भी देखने को मिल रहा है। ओरी का नाम जांच में तब सामने आया, जब हाल ही में यूनाइटेड अरब अमीरात (UAE) से डिपोर्ट किए गए एक ड्रग तस्कर मोहम्मद सलीम मोहम्मद सुहैल शेख से पूछताछ की गई। उसने अधिकारियों को रेव पार्टियों के बारे में बताया। उसने खुलासा किया कि इन पार्टियों में बॉलीवुड के कई ए-लिस्टर्स सितारे, फैशन जगत और यहां तक की राजनीतिक घराने के भी लोग शामिल होते थे।

# Aaj Ka Rashifal 21 Nov:

## इन पांच राशि वालों को अचानक लाभ के योग और नौकरी-व्यापार में तरक्की

21 November Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 21 नवंबर 2025 का राशिफल।आज, 21 नवंबर, शुक्रवार, मार्गशीर्ष मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा है। इस दिन का समय विशेष रूप से देवी लक्ष्मी को समर्पित माना गया है, इसलिए आज धन, समृद्धि और वैभव की प्राप्ति के लिए पूजा-अर्चना करना शुभ रहेगा।



### मेष

आज का दिन आपके लिए मेहनत का फल लेकर आया है। आपकी नेतृत्व क्षमता सबको प्रभावित करेगी। काम में आपकी ऊर्जा और तेजी देखकर लोग आपकी तारीफ़ करेंगे। टीमवर्क से बड़ा फायदा मिलने के योग बन रहे हैं। रिश्तों में थोड़ी नरमी रखें। अहंकार किसी भी छोटी बात को बड़ा बना सकता है। तनाव या सिरदर्द हो सकता है, इसलिए थोड़ा समय निकालकर योग-ध्यान जरूर करें

### वृषभ

आज आप मानसिक रूप से काफी शांत और स्थिर महसूस करेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होने के संकेत हैं। रुके हुए काम पूरे होंगे पर नया निवेश करने में जल्दबाज़ी न करें। परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा। रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। पेट से जुड़ी छोटी परेशानी हो सकती है, इसलिए खाने में सादगी रखें।

### मिथुन

आज आपकी बात करने की कला और सामाजिकता आपको फायदा देगी। नए लोगों से मिलने का एक अच्छा अवसर बना सकता है। यात्रा भी संभव है। मीडिया, मार्केटिंग, लेखन या कम्युनिकेशन वाले लोगों का दिन खास रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा, वैवाहिक जीवन में हल्का-फुल्का मजाक माहौल को खुशनुमा बनाएगा। यात्रा के दौरान सावधानी रखें।

### कर्क

आप आज भावनात्मक रूप से मजबूत रहेंगे। घर-परिवार पर ध्यान ज्यादा रहेगा। ऑफिस में काम पर फोकस रखें, छोटी-छोटी बातों पर बहस से बचें। प्रॉपर्टी से जुड़ी किसी काम में लाभ मिल सकता है। माता का आशीर्वाद और परिवार का साथ आपके लिए ऊर्जा का काम करेगा। पानी के पास समय बिताने से मन शांत होगा।

### सिंह

आत्मविश्वास और रचनात्मकता आज अपने चरम पर रहेगी। लक्ष्य पूरे करने का उत्साह आपको आगे बढ़ाएगा। बॉस आपसे खुश रहेंगे और नेतृत्व का मौका मिल सकता है। साथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बन सकता है। बच्चों से जुड़ी कोई खुशखबरी मिल सकती है। ऊर्जा अच्छी रहेगी।

### कन्या

आज आपको अनुशासन और व्यवस्थित तरीके से काम करने की ज़रूरत है। काम को टालकर न रखें, जितना ध्यान लगाएंगे उतना अच्छा परिणाम मिलेगा। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें। संबंधों में हल्का तनाव हो सकता है, लेकिन धैर्य आपको स्थिति संभालने में मदद करेगा। चिंता से दूर रहें, योग फायदेमंद रहेगा।

### तुला

आज का दिन रिश्तों, साझेदारी और संतुलन पर केंद्रित रहेगा। किसी नए पार्टनर या सहयोग से लाभ मिलने के योग हैं। टीम में काम करने से अच्छे परिणाम आएंगे। जीवनसाथी आपकी सबसे बड़ी ताकत बनकर साथ खड़ा रहेगा। भोजन संतुलित और हल्का रखें।

### वृश्चिक

आज आप थोड़े गहरे विचारों में डूबे रहेंगे। अचानक कोई लाभ भी मिल सकता है और कोई छोटा नुकसान भी इसलिए सतर्क रहें। पुराने काम आसानी से पूरे होंगे। इंजीनियरिंग वाले छात्रों को मेहनत बढ़ानी होगी। प्यार के लिए यह दिन अच्छा है, मन की बात साझा करें। प्राइवेट/गुप्त रोगों को हल्के में न लें।

### धनु

आज भाग्य आपका साथ देगा। आध्यात्मिक रुचि बढ़ेगी और यात्रा का योग भी है। पढ़ाई, रिसर्च या उच्च शिक्षा वाले लोगों के लिए शुभ दिन है। नौकरी में पदोन्नति का अवसर मिल सकता है। दोस्त और बुजुर्ग आपकी मदद करेंगे। लंबी यात्रा में स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### मकर

आप आज अपनी छवि और करियर पर ज्यादा ध्यान देंगे। मेहनत से ही सफलता का रास्ता बनेगा। वरिष्ठ अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए भी अच्छा समय है। पारिवारिक जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, जिससे थोड़ी थकान महसूस हो सकती है। घुटनों और जोड़ों के दर्द पर ध्यान दें।

### कुंभ

आज आपका दिमाग नए और अनोखे विचारों से भरा रहेगा। सामाजिक कामों में भी रुचि बढ़ेगी। आय के नए साधन खुल सकते हैं। टेक्नोलॉजी या साइंस से जुड़े लोगों को विशेष सफलता मिलेगी। दोस्तों के साथ समय बिताना आपको नई दिशा देगा। दिनचर्या को संतुलित रखें।

### मीन

आज आपका अंतर्ज्ञान बढ़ेगा। जो भी मन कहे, उस पर भरोसा कर सकते हैं। खर्चों पर थोड़ा नियंत्रण रखें, लेकिन रुका हुआ पैसा मिलने की संभावना भी है। साथी के साथ भावनात्मक जुड़ाव गहरा होगा। पानी से जुड़ी बीमारी या एलर्जी से सावधान रहें।

आज, 21 नवंबर, शुक्रवार, मार्गशीर्ष मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा है। इस दिन का समय विशेष रूप से देवी लक्ष्मी को समर्पित माना गया है, इसलिए आज धन, समृद्धि और वैभव की प्राप्ति के लिए पूजा-अर्चना करना शुभ रहेगा। आकाशीय दृष्टि से आज चंद्रमा वृश्चिक राशि में सूर्य और मंगल के साथ गोचर कर रहा है। इस स्थिति के कारण लक्ष्मी योग और आदित्य-मंगल योग बन रहा है, जो विशेष रूप से धन-संपत्ति और ऊर्जा की वृद्धि के लिए लाभकारी है। इसके साथ ही अनुराधा और ज्येष्ठा नक्षत्र के संयोग में आज सर्वार्थ सिद्धि योग भी बना हुआ है, जो सभी प्रकार के कार्यों में सफलता और समृद्धि का सूचक माना जाता है।

# यूपी: प्रदेश में आंशिक शीतलहर का असर खत्म

## मौसम में धुंध और कोहरे की चेतावनी; पूर्वानुमान हुए जारी



प्रदेश के मौसम में बदलाव हुआ है। दिन में तीखी धूप के बजाय धुंध देखने को मिली। हालांकि न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई।उत्तर प्रदेश में बीते दो दिनों से चल रही पुरवाई से मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिला है। बृहस्पतिवार को कई इलाकों में दिन की धूप में तपिश गायब रही और दोपहर बाद धुंध का असर रहा। रात में शीतलहर से निजात रही लेकिन सुबह के वक्त पूर्वांचल और अवध के कुछ क्षेत्रों में कोहरे की चादर देखने को मिली। कोहरे के असर से अमेठी में तड़के सुबह दृश्यता 300 मीटर तक सिमट गई। मौसम विभाग का कहना है कि फिलहाल तीन दिनों तक दिन व रात के पारे में कोई खास बदलाव के आसार नहीं है।आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनों तक मौसम में फिलहाल ठहराव के संकेत हैं। इसके बाद प्रदेश में दोबारा पछुआ हवाओं का दौर शुरू होगा। साथ ही यहां के मौसम में दोबारा बदलाव की संभावना बनेगी। राजधानी में बृहस्पतिवार को पूरे दिन पूर्वा हवाएं चलीं। दिन में अच्छी धूप भी खिली रही। शाम ढलने के साथ ही हल्की धुंध का असर दिखाई दिया। मौसम विभाग का कहना है कि अगले तीन दिन पूर्वा हवाओं के असर से सुबह और देर शाम हल्के कोहरे व धुंध का असर दिखाई देगा। दिन में छिटपुट बादल भी नजर आ सकते हैं।मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिन तक दिन व रात के तापमान में कोई खास बदलाव के संकेत नहीं हैं। 23 नवंबर से प्रदेश में दोबारा पछुआ हवाओं का दौर शुरू होने के संकेत हैं। पछुआ के प्रभावी होने से मौसम में दोबारा बदलाव की संभावना बनेगी। ठंड और गलन में भी इजाफा हो सकता है।राजधानी में बृहस्पतिवार को दिन का अधिकतम तापमान 0.1 डिग्री की मामूली बढ़त के साथ 27.8 डिग्री सेल्सियस और बीती रात का न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री की बढ़त के साथ 14 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

# UP: कफ सिरप.

## जौनपुर में 12 फर्मों के खिलाफ तहरीर, 42 करोड़ का है मामला; मेडिकल एजेंसियों की जांच शुरू





शासन की विशेष निर्देश पर जौनपुर समेत प्रदेश भर में नकली और नशीली दवा गैंग के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाया गया है। ड्रग इंस्पेक्टर ने छापा मारकर इसका खुलासा किया है। इसमें कई फर्मों के खिलाफ तहरीर दी गई है।आयुक्त (खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, लखनऊ) के निर्देश पर जिला औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडेय ने जौनपुर सदर स्थित मेडिकल एजेंसी की सघन जांच की। एजेंसियों की जांच कोडिन युक्त कफ सिरप और एनआरएक्स श्रेणी की औषधियों की रोकथाम लगाने के दृष्टिगत की गई है। औचक निरीक्षण के दौरान मिलन ड्रग एजेंसी (बलुआघाट) मिलन ड्रग सेंटर (ढाल घर) पूर्वांचल एसोसिएट (ढाल घर) और सौक्षय फार्मा (सरफराजपुर) आकाश मेडिकल एजेंसी (चितासराय) शिवम मेडिकल एजेंसी (बेगमगंज चुंगी रोड जौनपुर) की जांच की गई। दोनों दुकानें मौके पर बंद पाई गई। वहीं, शाहगंज स्थित फर्म मून मेडिकल एजेंसी की जांच की गई। अन्य दुकानें मौके पर बंद पाई। निगम मेडिकल एजेंसी (ओलंदगंज), हर्ष मेडिकल एजेंसी (गोपाल कटरा, ढालघर टोला) और बद्रीनाथ फार्मेसी व सर्जिकल (नईगंज) एसएन मेडिकल एजेंसी (मुफ़्ती मोहल्ला सदर क्षेत्र) की जांच की गई।जनपद में कुल 18.90 लाख कोडिन युक्त फेंसेडिल कफ सिरप की अवैध तस्करी कर अनुमानित मूल्य 42.45 करोड़ रुपये की कोडिन युक्त फेंसेडिल कफ सिरप की बिक्री सामने आई है। निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश की जाएगी

# कैंसर के इलाज को लेकर चिंतित दीपिका कक्कड़, बोलीं- 'मेरे दिल में एक डर बना हुआ है'



Dipika Kakar Cancer: दीपिका कक्कड़ ने लिवर कैंसर की बीमारी के बारे में खुलकर बताया। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने बताया की वह इस कठिन समय कैसा महसूस कर रही हैं। टीवी अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ ने हाल ही में अपने यूट्यूब चैनल पर बहुत भावुक होकर बताया कि उन्हें लिवर कैंसर हो गया है। अभी उनकी सभी मेडिकल रिपोर्ट्स नॉर्मल आ रही हैं, लेकिन फिर भी वे हर दिन डर, चिंता और शारीरिक परेशानियों से गुजर रही हैं।दीपिका ने कहा, 'कभी-कभी मैं बहुत खुश और उम्मीद से भरी रहती हूं, तो कभी अचानक डर लगने लगता है। मेरा दिल इतना कुछ सह नहीं पाता।' दीपिका ने बताया कि हर दिन कुछ नई समस्या आती हैं। कभी थायरॉइड बढ़ता-घटता है तो कभी हार्मोनल बदलाव होते हैं, त्वचा बहुत रूखी हो गई है, हाथ फट रहे हैं, कान-गले में दबाव और नाक में सूखापन रहता है।खुद को बार-बार समझाओ कि सब ठीक हो जाएगा और अल्लाह पर पूरा भरोसा रखो।'

# शाहरुख खान से माधवन तक, टेलीविजन से हुई इन सुपरस्टार्स की बोहनी; सीरियल्स में भी खूब दिखाया



Celebs Who Started Bareer From TV: बीते दिनों 'बिग बॉस 19' में फरहाना भट्ट ने टीवी इंडस्ट्री पर अपमानजनक टिप्पणी की थी, जिसका सलमान खान ने भी विरोध किया। उन्होंने कहा था कि वे टेलीविजन पर कभी काम नहीं करेंगी। बेशक छोटे पर्दे को लेकर लोग कितनी भी धारणाएं बनाएं, लेकिन यह एक बड़ा प्लेटफॉर्म है। कई बड़े सितारों ने तो यहीं से एक्टिंग डेब्यू किया है।टेलीविजन जगत को 'छोटा पर्दा' कहा जाता है। यहां काम करने वाले कलाकारों को कई बार सिनेमा के मुख्यधारा का हिस्सा नहीं माना जाता है। मगर, तमाम किंतु-परंतु के बावजूद टीवी इंडस्ट्री का अपना दबदबा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म की आमद हो या सिनेमाघरों में लगने वाली फिल्में, टीवी सीरियल्स का आकर्षण बकरार है। अभिनय के मामले में तमाम सितारों के लिए टीवी एक शानदार लॉन्चिंग पैड साबित हुआ है। बॉलीवुड के कई धुरंधरों ने फिल्मों से पहले सीरियल्स में काम किया है। आज विश्व टेलीविजन दिवस पर पढ़िए इस रिपोर्ट में उन्होंने 'चंद्रकांता', 'चाणक्य', 'भारत एक खोज', 'बनेगी अपनी बात' और 'सारा जहां हमारा' जैसे टीवी शोज में काम किया था।

# अजय के साथ दोस्ती का नहीं यह रिश्ता रखती हैं रकुल प्रीत, दो फिल्मों में कर चुकी हैं अभिनेता के साथ रोमांस



Rakul Preet Singh: फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में रकुल प्रीत सिंह ने अजय देवगन के साथ रोमांस किया है। हाल ही में उन्होंने बताया है कि वह अजय के साथ दोस्ती का रिश्ता क्यों नहीं रख सकती।वह आपके दोस्त बन जाते हैं। अजय देवगन को मैं सर मानती हूं। मैं अपने आपको इंडस्ट्री में नई नहीं मानती, फिर भी मेरा उनसे कम अनुभव है।'इसमें बड़ी उम्र के पुरुष का छोटी उम्र की लड़की के साथ रोमांस दिखाया गया है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने अब तक 51.10 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।

# सिंगर जुबिन नौटियाल ने उज्जैन में किए महाकाल के दर्शन

## भस्म आरती में हुए शामिल; 'शिव कैलाशों...' गाकर जीता दिल



Jubin Nautiyal At Mahakaleshwar Temple In Ujjain: भारतीय गायक जुबिन नौटियाल ने उज्जैन नगरी में महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान वह शिव भक्ति में लीन नजर आए। बॉलीवुड के प्रसिद्ध सिंगर जुबिन नौटियाल ने हाल ही में उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल की भस्म आरती में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने महादेव का प्रसिद्ध गीत 'शिव कैलाशों के वासी...' गाकर सभी का दिल जीत लिया।जुबिन ने उज्जैन नगरी में महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल के दर्शन किए। इस दौरान जुबीन ने महादेव की भस्म आरती में हिस्सा लिया। वह शिव भक्तों के बीच महादेव की पूजा करते नजर आए। पूजा के बाद जुबीन ने भगवान शिव का प्रसिद्ध गीत 'शिव कैलाशों के वासी...' गाया। दरअसल, जुबीन दिसबंर से इंडिया टूर पर निकलने वाले हैं। शोज के शुरू होने से पहले जुबीन ने महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया है। जुबीन के मल्टी सिटी इंडिया टूर में पहला कंसर्ट इंदौर में 14 दिसंबर को होगा। इसके बाद वे 21 दिसंबर को लखनऊ में एक शो करेंगे। तीसरा शो 26 दिसंबर को कोलकाता में होगा। इसके बाद वह जनवरी 2026 में मुंबई और बाकी शहरों में कार्यक्रम करेंगे। वह शिव भक्तों के बीच महादेव की पूजा करते नजर आए। पूजा के बाद जुबीन ने भगवान शिव का प्रसिद्ध गीत 'शिव कैलाशों के वासी...' गाया।

# पिता कृष्णराज की बर्थ एनिवर्सरी पर भावुक हुईं ऐश्वर्या राय बच्चन



Aishwarya Rai Bachchan: अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन ने अपने पिता कृष्णराज राय की जयंती पर उनकी याद में सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट के जरिए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन ने अपने पिता कृष्णराज राय की जयंती पर उन्हें भावुक श्रद्धांजलि दी है। इस मौके पर ऐश्वर्या ने पिता और बेटी आराध्या की कई प्यारी तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। ऐश्वर्या ने इंस्टाग्राम पर अपने पिता की कई पुरानी और नई तस्वीरें शेयर कीं। इनमें उनकी बेटी आराध्या बच्चन भी नजर आ रही हैं। कुछ तस्वीरें आराध्या के बचपन की हैं। इन तस्वीरों में ऐश्वर्या पिता की तस्वीर के पास आंखें बंद किए प्रार्थना करती नजर आ रही हैं। एक तस्वीर में आराध्या अपने नानू की गोद में हैं।इन तस्वीरों के साथ ऐश्वर्या ने कैप्शन में लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो प्यारे डैडी-अज्जा... हमारे एंजल, आपसे हमेशा प्यार करती रहूंगी। हमारी आराध्या के 14 साल की होने पर आप लोगों ने जो असीम प्यार और आशीर्वाद दिया, उसके लिए धन्यवाद।' ऐश्वर्या के इस पोस्ट पर फैंस ने खूब प्यार लुटाया और उनके पिता को भी ट्रिब्यूट दिया। महिमा चौधरी समेत कई सेलेब्स ने अपना रिएक्शन दिया है। इस फिल्म के लिए उन्होंने दुबई में SIIMA अवॉर्ड में बेस्ट एक्ट्रेस (क्रिटिक्स) का पुरस्कार जीता था।

# Palash Muchhal: कौन हैं पलाश मुच्छल?

## जिनकी दुल्हनिया बनेंगी स्मृति मंधाना, वीडियो से की सगाई की अनाउंसमेंट



Who is Palash Muchhal: भारतीय महिला टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना जल्द ही पलाश मुच्छल की दुल्हन बनेंगी। उन्होंने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक रील के जरिये पलाश के साथ सगाई पर मुहर लगाई। जानिए आखिर कौन हैं पलाश मुच्छल और क्या है बॉलीवुड से कनेक्शन।

टीम इंडिया की स्टार बैटर और वर्ल्ड कप विजेता स्मृति मंधाना ने सगाई की खबर पर मुहर लगा दी है। उन्होंने अपने जीवन के इस खास पल को शेयर करने करने के लिए शानदार तरीका चुना। उन्होंने इंस्टाग्राम रील शेयर की, जहां उनके साथ टीम इंडिया के दूसरे प्लेयर्स भी नजर आ रहे हैं। दोनों जल्द दी शादी करने वाले हैं। ऐसे में हर कोई जानना चाह रहा है कि कौन हैं पलाश मुच्छल, जिनकी दुल्हनिया बनेंगी स्मृति। चलिए आपको बताते हैं इस खबर में। महिला विश्व कप 2025 में स्मृति मंधाना ने शानदार प्रदर्शन किया। जीत के बाद पलाश मुच्छल ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा की, जिसमें उनके हाथ पर 'SM18' नाम का टैटू भी साफ दिखाई दे रहा है। आपको बताते चलें कि इस टैटू में SM का अर्थ है स्मृति मंधाना और 18 नंबर का अर्थ है साथ ही आपको बता दें कि पलाश ने दीपिका पादुकोण की फिल्म 'खेलें हम जी जान से' में अभिनय भी किया है।

# The Bonus Market News

## हरे निशान में खुले सेंसेक्स-निफ्टी; शुरुआती कारोबार में US डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर



वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के साथ गुरुवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी देखी गई। ताजा विदेशी पूंजी प्रवाह से भी आशावादी रुख को बल मिला। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 284.49 अंक चढ़कर 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर 85,470.96 पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 83.35 अंक चढ़कर 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर 26,136 पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर में सुधार के कारण घरेलू मुद्रा में तेजी पर अंकुश लगने से रुपया 18 पैसे गिरकर 88.66 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया।

**सेंसेक्स की कंपनियों का हाल**

सेंसेक्स की कंपनियों में अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और पावर ग्रिड लाभ में रहे। वहीं, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक और मारुति पिछड़ने वालों में शामिल रहे।

**एशियाई बाजारों में दिखी बढ़त**

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। कोस्पी और निक्केई 225 सूचकांक 3 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजार सकारात्मक दायरे में बंद हुए।

# डॉलर की तुलना में रुपया 12 पैसे मजबूत

## टैरिफ संकट से 1.7 फीसदी पहुंचेगा चालू खाता घाटा




डॉलर के मुकाबले रुपया बुधवार को 12 पैसे मजबूती के साथ 88.48 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से रुपये को समर्थन मिला। हालांकि, अन्य प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर में मजबूती से रुपये की बढ़त सीमित रह गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में स्थानीय मुद्रा 88.57 के स्तर पर खुला। दिन में 88.41 के उच्च स्तर पहुंच गई थी।

**टैरिफ संकट से 1.7 फीसदी पहुंचेगा चालू खाता घाटा**

देश का चालू खाता घाटा (कैड) 2025-26 में बढ़कर जीडीपी के 1.7 फीसदी पहुंच सकता है। यह वृद्धि मुख्य रूप से टैरिफ संकट के कारण है, जो कमजोर मांग और कमोडिटी की कम कीमतों के बावजूद व्यापार घाटे को बढ़ाए हुए हैं। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने रिपोर्ट में कहा, त्योहारी मांग के प्रभाव के कारण व्यापार घाटे पर दबाव पड़ सकता है। हालांकि, क्रूड की कम कीमतें समग्र प्रभाव को सीमित कर सकती हैं।

**इस्राइल से एफटीए प्रगति की समीक्षा इसी सप्ताह से** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इस सप्ताह तीन दिन की इस्राइल यात्रा पर रवाना होंगे। इस दौरान वह भारत और इस्राइल के साथ चल रहे मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की प्रगति की समीक्षा करेंगे। गोयल के साथ कुल 60 सदस्यीय व्यापारिक प्रतिनिधि मंडल भी होगा। यात्रा के दौरान द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और नवाचार को बढ़ावा देने के तरीकों पर नेताओं और व्यवसायों के साथ चर्चा होगी। बजाज ऑटो ने ऑस्ट्रियाई बाइक निर्माता केटीएम में बहुलांश हिस्सेदारी खरीद ली है। इसके यूरोपीय नियामकों से 80 करोड़ यूरो के लेनदेन के लिए मंजूरी मिल गई है।

# जयप्रकाश एसोसिएट्स का अधिग्रहण अदाणी के नाम

## कम बोली के बावजूद 89% वोट से मिली मंजूरी




कम बोली लगाने के बावजूद अदाणी समूह को दिवालिया हो चुके जयप्रकाश एसोसिएट्स के अधिग्रहण के लिए कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) से मंजूरी मिल गई है। अदाणी समूह की कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज (एईएल) ने वेदांता और डालमिया सीमेंट (भारत) को पीछे छोड़ते हुए 14,535 करोड़ में बोली जीत ली। एईएल ने स्टॉक एक्सचेंज को दी सूचना में कहा, कॉरपोरेट दिवालिया समाधान प्रक्रिया से गुजर रही जयप्रकाश (जेपी) एसोसिएट्स लि. (जेएएल) के कर्जदाताओं की समिति ने अदाणी एंटरप्राइजेज के प्रस्तुत समाधान योजना को मंजूरी दे दी है। एईएल को कर्जदाताओं से सबसे अधिक 89 फीसदी वोट मिले। उसके बाद डालमिया सीमेंट और वेदांता समूह का स्थान रहा। बोली के वित्तीय विवरण का खुलासा किए बिना एईएल ने कहा, उसे 19 नवंबर, 2025 को समाधान पेशेवर (आरपी) से आशय पत्र (एलओआई) मिला है।

**कर्जदाताओं ने अदाणी समूह की बोली किया पसंद** सूत्रों ने बताया, कर्जदाताओं ने अदाणी समूह की बोली को इसलिए पसंद किया, क्योंकि इसमें प्रतिस्पर्धी प्रस्तावों की तुलना में काफी ज्यादा अग्रिम भुगतान की पेशकश की गई थी। समूह ने 14,535 करोड़ रुपये का कुल योजना मूल्य (टीपीवी) का प्रस्ताव किया है। इसमें 6,005 करोड़ अग्रिम और 6,726 करोड़ रुपये

# Gold Silver Price

## सोने-चांदी की कीमतों में उछाल, जानें क्या है आज का भाव



मजबूत मांग के बीच राजधानी दिल्ली सोने की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 1,27,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाली इस बहुमूल्य धातु का भाव 1,500 रुपए बढ़कर 1,26,700 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। वहीं चांदी की कीमतों में भी उछाल आया और यह 4,000 रुपए बढ़कर 1,60,000 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जिससे स्थानीय सर्राफा बाजार में तीन दिन से जारी गिरावट थम गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है।

**सुरक्षित निवेश की नई मांग से बढ़ी सोने की कीमत**

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि सुरक्षित निवेश की नई मांग के कारण बुधवार को सोने में तेजी आई, जबकि अमेरिकी श्रम बाजार में कमजोरी के लगातार संकेत से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद बनी हुई है।

**वैश्विक बाजार में बढ़े सोने-चांदी के दाम**

वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ 46.32 डॉलर या 1.14 प्रतिशत बढ़कर 4,114.01 डॉलर प्रति औंस हो गया। विदेशी कारोबार में चांदी हाजिर 3.09 प्रतिशत बढ़कर 52.26 डॉलर प्रति औंस हो गई।

# Crude Oil

## रूस पर अमेरिका के प्रतिबंधों से कच्चे तेल की कीमतों में चार फीसदी से अधिक उछाल, बाजार में हलचल



अमेरिका की इस सख्ती के बाद बृहस्पतिवार को वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में 4 फीसदी से ज्यादा उछाल दर्ज किया गया। ब्रेंट क्रूड 2.71 डॉलर या 4.3 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 65.30 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया।यूक्रेन में शांति समझौते पर बातचीत के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव बनाने के प्रयास के तहत अमेरिका ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन प्रतिबंधों में अमेरिका में रोसनेफ्ट और लुकोइल की सभी संपत्तियों को जब्त करना भी शामिल है। अमेरिका की इस सख्ती के बाद बृहस्पतिवार को वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में 4 फीसदी से ज्यादा उछाल दर्ज किया गया। ब्रेंट क्रूड 2.71 डॉलर या 4.3 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 65.30 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड की कीमतें 2.56 डॉलर या 4.40 फीसदी के उछाल के साथ 61.06 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गईं।अमेरिका से पहले ब्रिटेन ने भी पिछले सप्ताह रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगाए हैं। यूरोपीय संघ के देशों ने भी रूस के खिलाफ प्रतिबंधों के 19वें पैकेज को मंजूरी दी, जिसमें रूसी एलएनजी के आयात पर पाबंदी लगाना भी शामिल है। यूबीएस के विश्लेषक जियोवानी स्टानोवो ने कहा, वैश्विक तेल बाजारों पर इन प्रतिबंधों का पड़ने वाला असर इस बात पर निर्भर करेगा कि भारत कैसी प्रतिक्रिया देता है और क्या रूस को वैकल्पिक खरीदार मिलते हैं।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT

+91 7088120612




















# WTC Final: आठ टेस्ट में तीन हार

## क्या भारत अब भी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंच सकता है? जानें समीकरण




टीम का मौजूदा अंक प्रतिशत (PCT) 54.17 प्रतिशत है, जो पिछले तीन चक्रों को देखते हुए फाइनल खेलने के लिए पर्याप्त नहीं माना जाता। डब्ल्यूटीसी में आमतौर पर फाइनल में पहुंचने वाली टीमों का अंक प्रतिशत 64-68% के बीच रहता है। ऐसे में भारत की राह बेहद संकरी और चुनौतीपूर्ण है।कोलकाता टेस्ट में मिली हार के बाद भारत की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) 2025–27 में स्थिति मुश्किल हो चुकी है। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम ने अब तक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इस चक्र में आठ में से तीन टेस्ट हार चुकी है। एक मुकाबला ड्रॉ रहा और केवल चार जीत दर्ज की हैं। यह प्रदर्शन उन मानकों से काफी दूर है जो फाइनल में जगह बनाने के लिए अपेक्षित होते हैं।टीम का मौजूदा अंक प्रतिशत (PCT) 54.17 प्रतिशत है, जो पिछले तीन चक्रों को देखते हुए फाइनल खेलने के लिए पर्याप्त नहीं माना जाता। डब्ल्यूटीसी में आमतौर पर फाइनल में पहुंचने वाली टीमों का अंक प्रतिशत 64-68% के बीच रहता है। ऐसे में भारत की राह बेहद संकरी और चुनौतीपूर्ण है।भारत को इस साइकिल में कुल 18 टेस्ट खेलने थे, जिनमें से आठ मैच वह खेल चुका है।अब उसके सामने10महत्वपूर्ण मुकाबले शेष हैं।

इनमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज का एक टेस्ट (गुवाहाटी), श्रीलंका दौरे पर दो टेस्ट, न्यूजीलैंड दौरे पर दो टेस्ट और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज शामिल हैं। इन सभी मुकाबलों में भारत को लगभग बेहतरीन क्रिकेट दिखाना होगा। खासकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट की होम सीरीज भारत की डब्ल्यूटीसी किस्मत तय कर सकती है, क्योंकि यहां हार की कोई गुंजाइश नहीं होगी।अगर भारत अपने शेष 10 मैच सभी जीत लेता है, तो उसके कुल अंक 172 हो जाएंगे और अंक प्रतिशत बढ़कर 79.63 प्रतिशत हो जाएगा, यानी फाइनल तय। हालांकि, यह आदर्श स्थिति है। भारत का संभावित अंक प्रतिशत, टीम द्वारा शेष मैचों में प्राप्त जीत की संख्या पर निर्भर करेगा। भारत 18 में से आठ टेस्ट खेल चुका है और हम आपको यह बता रहे हैं

# सभी टीमें आज जारी करेंगी रिटेन-रिलीज किए गए खिलाड़ियों की सूची, कौन रहेगा बरकरार और किसका छूटेगा साथ




आईपीएल 2026 के लिए होने वाली नीलामी 16 दिसंबर को अबु धाबी में होने की उम्मीद है। नीलामी से पहले सभी फ्रेंचाइजी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है।आईपीएल 2026 के सत्र के लिए सभी 10 टीमों ने कमर कस ली है और इससे पहले होने वाली मिनी नीलामी से पहले सभी फ्रेंचाइजी को रिटेन या रिलीज किए गए खिलाड़ियों की सूची सौंपनी होगी। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने ये सूची जारी करने की अंतिम तिथि 15 नवंबर रखी है। आईपीएल 2026 के लिए होने वाली नीलामी 16 दिसंबर को अबु धाबी में होने की उम्मीद है। नीलामी से पहले सभी फ्रेंचाइजी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। पिछले साल हुए मेगा नीलामी के उलट फ्रेंचाइजी जितने चाहे खिलाड़ियों को रिटेन या रिलीज कर सकती हैं। टीमें अपनी इच्छानुसार अपनी टीम में बदलाव करने के लिए स्वतंत्र हैं। हालांकि, प्रत्येक फ्रेंचाइजी को 120 करोड़ रुपये के पर्स की सीमा का ध्यान रखना होगा। प्रत्येक टीम अधिकतम 25 खिलाड़ियों को ले सकती है, जिसमें अधिकतम आठ विदेशी खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं। टीमें अन्य फ्रेंचाइजी के साथ खिलाड़ियों ट्रेड भी कर सकती हैं। ऐसे मामलों में जहां अलग-अलग मूल्य के खिलाड़ियों का ट्रेड किया जाता है, उस स्थिति में उच्च मूल्य वाले खिलाड़ी को लेने वाली फ्रेंचाइजी को शेष राशि का भुगतान करना होता है। खिलाड़ियों को कैश डील से भी ट्रेड किया जा सकता है जहां खिलाड़ी को एक्सचेंज फीस के भुगतान पर ट्रेड किया जा सकता है।आईपीएल के नियमनुसार सीजन समाप्त होने के तुरंत बाद ट्रेड विंडो खुल जाता है और नीलामी के एक सप्ताह पहले तक टीमें ट्रेड कर सकती हैं। नीलामी के बाद ट्रेड विंडो आईपीएल सीजन शुरू होने के एक महीने पहले तक दोबारा खुली रहती है। हालांकि, मिनी नीलामी में खरीदे गए खिलाड़ियों को टीमें ट्रेड नहीं कर सकती हैं। मुंबई इंडियंस ने ऑलराउंडर शेरफाने रदरफोर्ड को गुजरात टाइटंस से 2.6 करोड़ रुपये में ट्रेड किया है।डेवोन कॉनवे और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की राहें जुदा हो चुकी हैं। सीएसके ने हालांकि, आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है, लेकिन कॉनवे ने इसकी पुष्टि कर दी है। सीएसके ने कॉनवे को 6.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का

# दूसरे दिन के पहले सत्र का खेल समाप्त

## भारत द.अफ्रीका से 21 रन पीछे; जडेजा-जुरेल क्रीज पर



भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट मैच का आज दूसरा दिन है। भारत ने शुरुआती दिन दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 159 रन पर ढेर कर दी थी। अब भारतीय टीम की नजरें बड़ी बढ़त लेने पर टिकी हुई हैं।भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन पहले सत्र का खेल समाप्त हो गया है। भारत ने लंच ब्रेक तक पहली पारी में चार विकेट पर 138 रन बनाए हैं और वह फिलहाल दक्षिण अफ्रीका से 21 रन पीछे चल रहा है। फिलहाल रवींद्र जडेजा 11 रन और ध्रुव जुरेल पांच रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। भारत ने दूसरे दिन पहले सत्र में वाशिंगटन सुंदर, केएल राहुल और ऋषभ पंत के विकेट गंवाए। भारत के लिए चिंता की बात यह है कि कप्तान शुभमन गिल चोटिल हो गए हैं जिस कारण उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा है।दूसरे दिन केएल राहुल और वाशिंगटन ने टीम की पारी आगे बढ़ाई और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 57 रनों की साझेदारी हुई। वाशिंगटन के आउट होने के साथ ही इस साझेदारी का अंत हुआ। वाशिंगटन 82 गेंदों पर 29 रन बनाकर आउट हुए। वाशिंगटन के आउट होने के बाद गिल क्रीज पर उतरे थे।

उन्होंने मैदान पर आते ही चौके के साथ खाता खोला, लेकिन उनके गर्दन में दर्द होने लगा। इसके बाद फिजियो मैदान पर आए और गिल उनके साथ मैदान से बाहर चले गए। भारतीय टीम को केएल राहुल के रूप में तीसरा झटका लगा है। केएल राहुल अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन केशव महाराज के रूप में स्लिप में कैच थमा बैठे। राहुल 119 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 39 रन बनाकर आउट हुए। भारत को ऋषभ पंत के रूप में चौथा झटका लगा जो 24 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 27 रन बनाकर आउट हो गए हैं। पंत तेजी से बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन अपना विकेट गंवा बैठे। भारत को ऋषभ पंत के रूप में चौथा झटका लगा जो 24 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 27 रन बनाकर आउट हो गए हैं। पंत तेजी से बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन अपना विकेट गंवा बैठे। अब क्रीज पर जडेजा के साथ ध्रुव जुरेल मौजूद हैं। भारतीय टीम को केएल राहुल के रूप में तीसरा झटका लगा है। केएल राहुल अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन केशव महाराज के रूप में स्लिप में कैच थमा बैठे। राहुल 119 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 39 रन बनाकर आउट हुए। क्रीज पर फिलहाल पंत के साथ रवींद्र जडेजा मौजूद हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में भारत का स्कोर 100 रन के पार पहुंच गया है। क्रीज पर फिलहाल केएल राहुल के साथ ऋषभ पंत मौजूद हैं। कप्तान गिल चोटिल होने के कारण मैदान से बाहर चले गए हैं। गिल की चोट कितनी गंभीर है, फिलहाल इसकी जानकारी बीसीसीआई ने नहीं दी है।भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल चोटिल होने के कारण मैदान से बाहर चले गए हैं।

# राजस्थान रॉयल्स और सीएसके बीच डील हुई पक्की

## अब येलो जर्सी में दिखेंगे सैमसन और RR के होंगे जडेजा?



रिपोर्ट की मानें तो सैमसन की जगह राजस्थान रॉयल्स को जडेजा और इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करेन दोनों खिलाड़ी मिलेंगे। माना जा रहा है कि रिटेंशन सूची सौंपने से पहले इसकी आधिकारिक घोषणा हो सकती है।राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच रवींद्र जडेजा और संजू सैमसन को लेकर डील पक्की हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सैमसन और जडेजा को लेकर दोनों फ्रेंचाइजी स्वैप डील पर सहमत हो गए हैं। आईपीएल 2026 के लिए होने वाली मिनी नीलामी से पहले सभी टीमों को शनिवार तक रिटेन और रिलीज किए गए खिलाड़ियों की सूची सौंपनी है। इससे पहले ही यह खबर सामने आ रही है कि सैमसन और जडेजा को लेकर सीएसके और राजस्थान के बीच डील पक्की हो गई है। रिपोर्ट की मानें तो सैमसन की जगह राजस्थान रॉयल्स को जडेजा और इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करेन दोनों खिलाड़ी मिलेंगे। माना जा रहा है कि रिटेंशन सूची सौंपने से पहले इसकी आधिकारिक घोषणा हो सकती है। सैमसन को सीएसके में शामिल कराने को लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही है। सैमसन 2021 से राजस्थान टीम की कप्तानी कर रहे हैं, जबकि जडेजा 2012 से सीएसके का हिस्सा हैं और उन्होंने इस टीम के साथ तीन बार खिताब जीता है।कई विशेषज्ञों का मानना है कि सैमसन के बदले जडेजा और करेन को लेना राजस्थान के लिए फायदे का सौदा है। जडेजा और सैमसन की फीस एक समान है, लेकिन करेन 2.4 करोड़ रुपये में रॉयल्स में शामिल होंगे। आईपीएल की एक फ्रेंचाइजी के सीईओ ने इस बात को चौंकाने वाला बताया कि जडेजा जैसे खिलाड़ी को सीएसके ने आसानी से जाने दिया। आईपीएल 2026 से पहाले सीएसके में बड़े बदलाव की तैयारी है, क्योंकि डेवोन कॉनवे ने पहले ही खुलासा कर दिया है कि उन्हें फ्रेंचाइजी ने रिलीज कर दिया है। चेन्नई शनिवार को होने वाले रिटेंशन से पहले दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी और जेमी ओवरटन को अपनी टीम से रिलीज करने की तैयारी में है। सीएसके के लिए पिछला सीजन अच्छा नहीं रहा था